प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान का करेंगे शुभारंभ : उत्तर प्रदेश सहित देशभर के 10 हजार से अधिक स्थानों स युवा होंगे कार्यक्रम में शामिल।
2. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु में बुद्ध थीम पार्क का किया लोकार्पण : कहा– भगवान बुद्ध के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा थीम पार्क।
3. हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस वर्ष राज्य में 5 करोड़ घरों पर फहराया जाएगा राष्ट्रध्वज : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अभियान में भाग लेने का किया आह्वान। और
4. ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर अस्मिता डे ने जूडो में 48–किलोग्राम वर्ग में भारत के लिए पहली बार स्वर्ण पदक जीत कर रचा इतिहास।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नशा मुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही नशे के खिलाफ 100 सप्ताह

का देशव्यापी जनभागीदारी अभियान शुरू हो जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदश सहित देशभर के 10 हजार से अधिक स्थानों से युवा शामिल होंगे। माई भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों, युवा क्लबों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, गैर–सरकारी संगठनों, उद्योग संगठनों के युवा प्रकोष्ठों और एक सौ 25 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। इस अभियान के अंतर्गत हर रविवार देशभर में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव का वाहक बनाना है।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अभद्र भाषा और नफरत से किसी समस्या का समाधान नहीं होता। उन्होंने भटके हुए युवाओं के प्रति सहानुभूति दिखाने की अपील की और कहा कि राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें दंडित करने के स्थान पर सही राह दिखाया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में, प्रधानमंत्री ने राजधानी के जंतर–मंतर पर हुई हाल की घटना का जिक्र किया, जहां उनके और उनकी दिवंगत मां के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया गया था। बाइट......

*बचपन में गलतियां होती हैं और बचपन में गलतियों से सुधरने का अवसर भी होता है। ये गुमराह बच्चे हैं, उनको राह दिखाना हमारा काम है। उनको सजा देना, अदालतों के चक्कर कटवाना, समाज में उनको प्रताड़ति करना, इससे हम परिस्थितियां नहीं बदल पाएंगे। मैं उन्हें माफ करना चाहता हूं। समाज भी मेरी इस बात को स्वीकार करे। मैं इन बच्चों को कहता हूं बच्चों आओ, हम देश के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।*

———————

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में बुद्धा थीम पार्क का लोकार्पण किया। उन्होंने कपिलवस्तु बुद्ध स्तूप में लाइट एंड साउंड शो का शुभारम्भ किया। श्री पुरी ने कहा कि यह थीम पार्क भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और मानव कल्याण के कालजयी संदेश को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में श्री पुरी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कल स्वीकृत की गई पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना को क्रांतिकारी बताया। बाइट.....

*एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन सेक्टर के लिए मंत्रिमंडल ने 84000 करोड़ का एक योजना अप्रूव की है। इसके तहत 4 साल में डेटा कलेक्शन डीप वाटर ड्रिलिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में होगा। इस योजना के साथ आने वाले समय में हम 1 लाख करोड़ तो प्रतिवर्ष बचा पाएंगे।*

———————

मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने कहाहै कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के गौरवशाली इतिहास से जन–जन को जोड़ने का राष्ट्रीय अभियान है। इसे व्यापक जनभागीदारी के साथ जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। कल लखनऊ में मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान, स्वतंत्रता दिवस तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 14 और 15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का अनिवार्य रूप से प्रसारण सुनिश्चित किया जाए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता का आह्वान करते हुए इस वर्ष 5 करोड़ घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के तहत प्रदेशभर में तिरंगा रैली, तिरंगा संगीत समारोह, तिरंगा प्रदर्शनी तथा सेल्फी विद तिरंगा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख सरकारी भवनों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डों, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख बाजारों और चौराहों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस तथा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के सभी कार्यक्रम पूरे सम्मान, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ आयोजित किए जाएं। 9 से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े सभी स्मारकों, स्मृति स्थलों और शहीद स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा मामले को लेकर संसद परिसर में नाटक करने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी , सांसद पप्पू यादव, और अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के खिलाफ वाराणसी में आज मुकदमा दर्ज किया गया। काशी जोन के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि संतों की तहरीर पर सनातन धर्म का अपमान करने के आरोप में यह मुकदमा दर्ज किया गया है। बाइट....

*संतों के द्वारा जो है कोतवाली थाना में एक तहरीर दी गई है। इसमें के द्वारा आरोप लगाया गया है कि राजेश रंजन और पप्पू यादव जी राहुल गांधी जी और अवधेश जी जो ये हैं इनके द्वारा सदन में सांसद में कुछ ऐसे कृत्य किए गए हैं जिसके द्वारा जो सनातन धर्म है उसका अपमान हुआ है। उसी में अभियोग पंजीकृत करके आगे की कार्रवाई की जाए।*

———————

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अयोध्या में श्री राम लला का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने श्री राम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा मामले पर कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच

एसआईटी कर रही है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसक खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*जो तथ्य सामने आए हैं, उन तथ्यों के आधार के ऊपर जो लोग प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए थे, उनको सजा हुई है, वो जेल में हैं। बाकी जो एसआईटी की रिपोर्ट आएगी, एसआईटी की रिपोर्ट माननीय मंत्री जी स्वयं उसके हम सब लोग चिंतित हैं। उसकी जो भी रिपोर्ट आएगी, जो भी उसमें दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।*

——————————

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने आज वाराणसी में विंध्य आर्थिक क्षेत्र के सात जनपदों के सुनियोजित विकास की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को वर्ष 2030 के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसके लिए तकनीक आधारित निगरानी तथा डेटा आधारित निर्णय प्रणाली को और मजबूत बनाया जाए।

——————————

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष 100 जनपदों की सूची में अपने 17 जनपदों को शामिल कराया है। सूची में लखनऊ ने पहला स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट.....

*यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि इस सूची में राजधानी लखनऊ में 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के स्थापना के*

*साथ–साथ देश का नंबर–1 जनपद बनने का गौरव बरकरार रखा है। वहीं, वाराणसी ने भी देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा कानपुर नगर 14वें स्थान है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जनजागरूकता अभियान, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, समयबद्ध स्वीकृति, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के बेहतर समन्वय तथा सब्सिडी वितरण की प्रभावी व्यवस्था ने इस अभियान को नई गति दी है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत ने कल जूडो में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर अस्मिता डे ने महिलाओं क 48–किलोग्राम वर्ग में जूडो में भारत के लिये पहली बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्मिता को इस जीत के लिए बधाई दी है। अस्मिता डे ने बताया कि देश के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर बहुत खुशी हो रही है। बाइट.....

*मैं अपने भारत के लिए कमनल गेम्स में पहला गोल्ड मेडल जीतकर मुझे बहुत खुशी हो रही है और गर्व हो रही है। यह मेडल सिर्फ मेरा नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारत वासियों का है जिन्होंने मुझे अपना प्यार और आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है। मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने खेलो इंडिया को 2030 से 31 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।*

——————————

मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी सप्ताह के दौरान मॉनूसनी सक्रियता में वृद्धि का अनुमान जताया है। विभाग

ने कल से पांच अगस्त तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ बौंछारे पड़ने का अनुमान है। इस बीच प्रदेश में कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बदायूं में गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। जबकि फरुखाबाद के फतेहगढ़ में गंगा खतरे के निशान के पास बह रही है। (समाप्त)